# मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, झाँसी

प्रकीर्ण वाद संख्या–16/2020 (एम.ए.सी.पी. सं. 605/2016)
श्रीमती रामदेवी आदि बनाम श्रीमती कमला देवी आदि

**15.07.2020**

पत्रावली प्रस्तुत हुयी। पुकार करायी गयी। प्रार्थीगण/याचीगण मय विद्वान् अधिवक्ता उपस्थित आये।

3B प्रार्थनापत्र जिसे शपथपत्र प्रपत्र संख्या 4C2 से समर्थित किया गया है, में प्रार्थीगण ने प्रार्थना की है, कि मूल याचिका दिनांक 19.12.2019 को निर्णीत की जा चुकी है तथा विपक्षी बीमा कम्पनी द्वारा क्षतिपूर्ति धनराशि मुब. 8,12,600/– रुपये व ब्याज 1,40,631/– रुपये जरिये चेक न्यायाधिकरण में जमा की जा चुकी है। अतः प्रार्थीगण को उक्त धनराशि दिलाये जाने के आदेश पारित करने की कृपा की जाय।

मैंने, पत्रावली का परिशीलन किया। प्रार्थीगण द्वारा अपने आधार कार्ड व पास बुक की छाया प्रतियाँ व एम.ए.सी.पी. सं. 605/2016 में पारित निर्णय की सत्य प्रतिलिपि पत्रावली पर दाखिल की गयी हैं व असल पासबुक अवलोकनार्थ प्रस्तुत की है। प्रार्थिया श्रीमती राम देवी ने अपने शपथपत्र 4C2 में यह भी कथन किया है कि न्यायाधिकरण के आदेश के विरूद्ध कोई अपील लंबित नहीं है। संबंधित न्यायाधिकरण द्वारा एम.ए.सी.पी. सं. 605/2016 में पारित निर्णय/आदेश दिनांकित 19.12.2019 जिला न्यायालय, झाँसी की वेब साइट पर उपलब्ध है। न्यायाधिकरण के उक्त निर्णय के अनुसार एवार्ड की धनराशि 8,12,600/– रुपये मय ब्याज 1,40,631/– रुपये चेक पंजिका के क्रमांक 47A एवं 47B पर सिंडीकेट बैक शाखा गोबिन्द चौराहा, झांसी में विपक्षी बीमा कम्पनी द्वारा जमा की जा चुकी है। न्यायाधिकरण द्वारा पारित उक्त एवार्ड के अनुपालन मे उक्त जमाशुदा धनराशि मय ब्याज याचीगण पाने के अधिकारी हैं।

## आदेश

सिंडीकेट बैंक शाखा गोबिन्द चौराहा, झॉसी को आदेशित किया जाता है कि वह प्रकीर्ण वाद संख्या–16/2020 (एम.ए.सी.पी. सं. 605/2016) श्रीमती रामदेवी आदि बनाम श्रीमती कमला देवी आदि के प्रकरण में निम्नानुसार धनराशि स्थानांतरित करें–

| Applicant/ Petitioner | Ammount in Rs. | + (% of) Interest Accrued on Deposited Amount | Mode of disburse ment | Account Number | Bank | IFSC |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. श्रीमती राम देवी | 160572 | 16.84 | RTGS/ NEFT | 94051700163 930 | Sarva U. P. Gramin Bank Branch Bhandara, Jhansi | PUNB0S UPGB5 |
| 1. श्रीमती | 250000 | 26.23 | 3 Yrs. FD | Neither loan | Any | |

Digitally signed by CHANDRODAY KUMAR
Date: 2020.07.15 18:17:58 IST
Reason: Document Owner
Location: MACT JHANSI

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राम देवी | | | | shall be sanctioned on FD nor it may be mortgaged | Nationalized Bank carrying max. interest | |
| 2. सन्नी रायकवार | 117306 | 12.31 | FD up to his majority | Neither loan shall be sanctioned on FD nor it may be mortgaged | Any Nationalized Bank | |
| 3. आशू रायकवार | 117306 | 12.31 | FD up to his majority | Neither loan shall be sanctioned on FD nor it may be mortgaged | Any Nationalized Bank | |
| 4. कु. ग्रीशि | 117306 | 12.31 | FD up to her majority | Neither loan shall be sanctioned on FD nor it may be mortgaged | Any Nationalized Bank | |
| 5. श्रीमती टौरियावारी | 96896 | 10.16 | RTGS/ NEFT | 94051700075169 | Sarva U. P. Gramin Bank Branch Bhandara, Jhansi | PUNBOSUPGB5 |
| 6. आशाराम | 93845 | 9.84 | RTGS/ NEFT | 94050100069802 | Sarva U. P. Gramin Bank Branch Bhandara, Jhansi | PUNBOSUPGB5 |
| **TOTAL** | **953231** | 100 | | | | |

उपरोक्तानुसार एफ.डी.आर. बनाये जाने व प्रार्थीगण/याचीगण के उक्त खाता में धनराशि स्थानान्तरण के सम्बन्ध में आख्या व एफ.डी.आर. न्यायाधिकरण में अबिलम्ब दाखिल की जायें। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(चंद्रोदय कुमार)
पी.ओ., एम.ए.सी.टी., झाँसी।